संक्षिप्त

10 किलो गांजे के साथ आरोपी पकड़ा

दूनी/टोंक, (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक टोंक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मालपुरा के आदेशानुसार व पुलिस उपअधीक्षक वृत्त देवली के सुपरविजन में मादक पदार्थों विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान मुखबीर की सूचना पर थानाधिकारी विजय सिंह मय जाप्ता द्वारा आरोपी श्योराज पुत्र श्रीलाल जाति गुर्जर निवासी चान्दसिंहपुरा थाना दूनी जिला टोंक के कब्जे से 10 किलो 600 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा होना पाया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर अनुसंधान किया।

खिलाड़ियों का सम्मान किया

दूदू, (निसं)। कस्बे की राज सम्राट सीनियर हायर सैकेण्डरी विद्यालय सभागार में राष्ट्रीय स्तर खो-खो प्रतियोगिता में खेल कर आये राजस्थान टीम के खिलाड़ियों एवं परिजनों का सम्मान समारोह आयोजीत किया गया। निदेशक अचल सिंह नाथावत पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लाला राम भडाणा, राजेडा कडवा, विकास पारीक व छात्रों ने खिलाड़ी राहुल गुर्जर, रोहित गुर्जर को सम्मान्नित किया।

प्रागपुरा कस्बे में जगह-जगह लगे कचरे के ढेर, बदबू से लोग बेहाल

पावटा, (निसं)। प्रागपुरा नगरपालिका द्वारा नगर की सफाई के लिए हर महीने लाखों रुपए खर्च किए जाते हैं, लेकिन इसके बाद भी नगर में कई जगहों पर कचरे के ढेर लगे हुए हैं। इन कचरे के ढेरों में से बदबू आने लगी हैं, जिससे आसपास के रहने वाले लोगों का वहां रहना मुश्किल हो रहा है।

इन कचरे के ढेरों पर पास मवेशियों को जमावडा लगा रहता है, जिससे वहां से निकलने में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा इस ओर कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है, जिससे यह कचरे के ढेर वहीं लगे हुए और लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

- सफाई कर्मचारियों के काम पर नहीं आने से सफाई व्यवस्था चरमराई

जिसको लेकर पूर्व जिला पार्षद व भाजपा नेता ललित गोयल के नेतृत्व में प्रागपुरा में नगरपालिका पावटा प्रागपुरा की ईओ मनीषा यादव को एक ज्ञापन सौंपते हुए ललित गोयल ने बताया कि नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों के द्वारा ठीक तरह से सफाई नहीं की जाती है। कई बार सफाई कर्मचारी नालियों में कचरे को निकालकर नाली के पास में डाल देते हैं, जिससे आसपास के घरों में बदबू आने लोगों का जीना मुहाल हो रहा है। इस कचरे में मच्छर भी पनप रहे हैं, जिससे आसपास के क्षेत्र में बिमारियाँ फैलने का भी डर बना हुआ है। लोगों का कहना है कि नगरपालिका को नगर में जगह-जगह लगे कचरे के ढेरों को हटवाना चाहिए, जिससे लोगों को गंदी बदबू और बीमारियों से राहत मिल सके। नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि पालिका प्रशासन द्वारा बकाया भुगतान को लेकर काम पर नहीं आने से शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ठप है। जिस पर पालिका ईओ मनीषा यादव व उपाध्यक्ष अशोक सैनी, नरपत सिंह द्वारा 15 दिन में उनकी समस्याओं के समाधान के आश्वासन के बाद सफाई कर्मचारी काम पर लौट आए है। इस मौके पर श्याम सिंह शेखावत वार्ड पार्षद, रामजीलाल सैनी वार्ड पार्षद, विक्रम सैनी, विशंभर मेहरा वार्ड पार्षद, लीलाराम सैनी, बृजमोहन शर्मा, घनश्याम सोनी, सतवीर सिंह, विजय सिंह, महादेव सैनी, मुन्नालाल सैनी, बलबीर सैनी, हंसराज सैनी, पप्पू स्वामी, मोहनलाल जांगिड, बनवारी सेन, अर्जुनलाल सैनी, विक्रम सिंह, विकास सैनी, ज्ञान प्रसाद चावला, सुरेश शर्मा, महेंद्र जांगिड, पालेराम गुप्ता, पिंटू गोयल, हीरालाल टेलर, संदीप मीणा, शक्ति सिंह शेखावत सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

लोगों ने समय पर सफाई कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

कोटपूतली में नवीन महिला पुलिस थाना सृजित

कोटपूतली, (निसं)। मुख्यमंत्री द्वारा हाल ही के बजट में कोटपूतली में नवीन महिला पुलिस थाने की घोषणा की गई थी। जिसके बाद 7 जून को संयुक्त शासन सचिव, गृह (पुलिस) द्वारा नवसृजित महिला पुलिस थाना कोटपूतली के क्षेत्राधिकार की विधिवत अधिसूचना भी जारी कर दी गई थी।

इसी क्रम में जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक डॉ. राजीव पचार ने कोटपूतली में नवीन महिला पुलिस थाना सृजित करते हुए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की है। एसपी डॉ. पचार द्वारा जारी आदेशानुसार नवीन महिला पुलिस थाना कोटपूतली में 30 कार्मिकों का जाप्ता तैनात होगा। इनमें एसआई का 1, एएसआई के 4, हैड कानि. 3, कानि. 20 व कानि. ड्राईवर के 02 पद सृजित किये गये है। नवीन महिला पुलिस थाना कोटपूतली कस्बे के टापरी रोड़ स्थित अम्बेडकर भवन में अस्थाई रूप से संचालित किया जायेगा। पुलिस थाने को विधिवत रूप से शुरू करने के आदेश 14 जून 2023 को जारी किये गये है। उक्त थाने में जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक के अधीन कोटपूतली सर्किल, विराटनगर सर्किल व शाहपुरा के कोटपूतली, पनियाला, सरूण्ड, विराटनगर, प्रागपुरा, भाबरू, शाहपुरा, अमरसर व मनोहरपुर थाने संचालित होंगे।

क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न

रामगढ़ पचवारा, (निसं)। उपखंड क्षेत्र की पालुंदा ग्राम पंचायत में आयोजित हुई क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह को संबोधित करते हुए लालसोट विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी रहे रामविलास मीणा ने कहा कि खेलकूद से मानव जीवन स्वस्थ रहने के साथ आपसी भाईचारे का विकास होता है। आयोजक मंडल ने बताया कि स्टार क्रिकेट क्लब पालून्दा के तत्वावधान में सात जून से आरंभ हुई प्रतियोगिता का गुरूवार को विधिवत समापन हुआ। क्रिकेट प्रतियोगिता में 30 टीमों ने भाग लिया।

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अचल सम्पत्ति फ्लाट नम्बर 45-ए, स्कीम नं. 21 नोर्थ, जगदीश कॉलोनी, निवास रोड, झोटवाड़ा, जयपुर, राज., कुल क्षेत्रफल 100.00 वर्गगज है। उक्त सम्पत्ति श्रीमती श्यामलता को जेडीए, जयपुर द्वारा रजिस्टर्ड सीज डीड नं. 518 दिनांक 22.04.2002 द्वारा प्राप्त हुई। श्रीमती श्यामलता जरिये मुख्यारआम आशीष कुमार ने उक्त सम्पत्ति को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 05.06.2004 द्वारा विजेन्द्र सिंह को विक्रय कर दिया। विजेन्द्र सिंह के स्वर्गवास के पश्चात उनके विधिक उत्तराधिकारियों में उनकी पत्नी श्रीमती जगबिरी देवी, पुत्री काजल मलिक पुत्र अवनीश कुमार मलिक उक्त सम्पत्ति के संयुक्त रूप से विधिक रूप से मालिक, स्वामी काबिज हुए। श्रीमती जगबिरी देवी व काजल मलिक ने उक्त सम्पत्ति में निहित अपने-अपने अविभाजित हिस्से को रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र दिनांक 27.01.2020 द्वारा अवनीश कुमार मलिक के हक में त्याग कर दिया, इस प्रकार अवनीश कुमार मलिक उक्त सम्पत्ति के एकमात्र रूप से विधिक रूप से मालिक, स्वामी, अधिकारी काबिज हुए। अब इनसे रोहित अग्रवाल उक्त सम्पत्ति को क्रय कर रहे है जिस बाबत मेरी अभिभाष्य वित्तीय संस्था HDFC Ltd. से ऋण ले रहे हैं, सर्वसाधारण को उक्त सम्पत्ति के विधिक वारिसान, मालिकाना हक, स्वामित्व, कब्जे, अधिकार पर कोई आपत्ति हो तो सात दिवस में लिखित में मय दस्तावेज सूचित करें अन्यथा आपत्ति शून्य, अप्रमाणी व अमान्य समझी जावेगी। दिनांक 15.06.2023

ऋषिकेश महर्षि, एडवोकेट, (एस.आर.एम. पार्टनर)
82, एवरेस्ट विहार, किंग्स रोड, निर्माण नगर, जयपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत ढीण्ढा पं.स. कि. रेनवाल (जयपुर)
क्रमांक-ग्रा.पं. ढीण्ढा/निविदा/2023/128 दिनांक- 14.06.2023
ऑन लाईन निविदा सूचना
ग्राम पंचायत ढीण्ढा, पंचायत समिति किशनगढ रेनवाल में महानरेगा योजना तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की अन्य योजनाओं में वित्तीय वर्ष 2023-24 में निर्माण कार्यों की सामग्री आपूर्ती हेतु इच्छुक प्रतिष्ठानों/संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदा शर्तो के अनुसार ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेब साईड www.eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 05.06.2023 से 15.06.2023 तक ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा सूचना का विवरण, दिनांक एवं शर्ते www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी एवं download की जा सकती है।
UBN-ZJP2324GLOB00785, NIB-ZJP2324A0412
सरपंच ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत ढीण्ढा ग्राम पंचायत ढीण्ढा

कार्यालय ग्राम पंचायत भैंसलाना पं.स. किशनगढ रेनवाल (जयपुर)
क्रमांक-ग्रा.पं. भैंसलाना/निविदा/2023/91 दिनांक- 02.06.2023
ऑन लाईन निविदा सूचना
ग्राम पंचायत भैंसलाना, पंचायत समिति किशनगढ रेनवाल में महानरेगा योजना तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की अन्य योजनाओं में वित्तीय वर्ष 2023-24 में निर्माण कार्यों की सामग्री आपूर्ती हेतु इच्छुक प्रतिष्ठानों/संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदा शर्तो के अनुसार ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेब साईड www.eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 16.06.2023 से 26.06.2023 तक ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा सूचना का विवरण, दिनांक एवं शर्ते www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी एवं download की जा सकती है।
UBN-ZJP2324GLOB00787, NIB-ZJP2324A0414
सरपंच ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत भैंसलाना ग्राम पंचायत भैंसलाना

कार्यालय ग्राम पंचायत मुण्डोती पं.स. कि. रेनवाल (जयपुर)
क्रमांक-ग्रा.पं. मुण्डोती/निविदा/2023/44 दिनांक- 15.06.2023
ऑन लाईन निविदा सूचना
ग्राम पंचायत मुण्डोती, पंचायत समिति किशनगढ रेनवाल में महानरेगा योजना तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की अन्य योजनाओं में वित्तीय वर्ष 2023-24 में निर्माण कार्यों की सामग्री आपूर्ती हेतु इच्छुक प्रतिष्ठानों/संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदा शर्तो के अनुसार ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेब साईड www.eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 16.06.2023 से 26.06.2023 तक ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा सूचना का विवरण, दिनांक एवं शर्ते www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी एवं download की जा सकती है।
UBN-ZJP2324GLOB00788, NIB-ZJP2324A0415
सरपंच ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत मुण्डोती ग्राम पंचायत मुण्डोती

सामुदायिक भवन का उद्घाटन

लालसोट, (निसं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने गुरुवार को लालसोट पंचायत समिति की तलाव गांव ग्राम पंचायत में 20 लाख रुपए लागत से नवनिर्मित सामुदायिक भवन की शिलान्यास पट्टिका का लोकार्पण कर उसे आमजन समुदाय को समर्पित किया। इसी के साथ चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा ग्राम पंचायत तलावगाव में आयोजित महंगाई राहत एवं प्रशासन गांव के संग अभियान का निरीक्षण कर वहां मौजूद पात्र लाभार्थियों से संवाद किया गया। आयोजित महंगाई राहत कैंप में जिसमें कुल 640 परिवारों का पंजीयन किया गया। कैंप में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीना ने लोगों को गारंटी कार्ड वितरण किए। इस अवसर पर प्रधान नाथूलाल मीना सरपंच मंगली देवी पंचायत समिति सदस्य आनंदीलाल मीना मंडल कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैयालाल बूडला उपखंड अधिकारी बृजेंद्र मीना तहसीलदार मदनलाल मीना प्रगति प्रसार अधिकारी विमल जैमन ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी सुखपाल मीणा आदि मौजूद थे।

संस्कार महोत्सव में लोगों का हुजूम उमड़ा

मनोहरपुर, (निसं)। जुगल जी का मौहल्ला स्थित श्री कृष्ण विद्या मंदिर सी. सै.स्कूल मनोहरपुर के संस्कार महोत्सव के संत समागम तथा प्रतिभा सम्मान समारोह गुरूवार को आयोजित हुए, जिसमें विद्यार्थियों ने आध्यात्मिकता, ध्यान और धैर्य के बारे में सीखा।

रिछपाल दास महाराज त्रिवेणी धाम, पंचखंड पीठाधीश्वर सोमेंद्र महाराज विराटनगर, प्रहलाद दास महाराज परमानंद जी कुंडा धाम, महामंडलेश्वर बालमुकुंद आचार्य हाथोज के दिव्य आध्यात्मिक सागर में पूरी मनोहरपुर जनता ने गहरा गोता लगाया। निदेशक डॉ. राजेंद्र यादव ने बताया कि परिक्षेत्र में टॉप रहने पर मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य विजय जुलूस की शुरुआत कृष्णा स्कूल परिसर से होकर मनोहरपुर के मुख्य मार्गों से होते हुए गांधी चौक मनोहरपुर में संतों द्वारा मेधावी विद्यार्थियों, अभिभावकों सहित विद्यालय परिवार को सम्मानित किया गया।

संत महात्माओं के दर्शन लाभ व आशीर्वचन प्राप्त करने हेतु ग्राम जनता मनोहरपुर व आस-पास के हजारों लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। कार्यक्रम का सफल संचालन कवि कमल मनोहर और संस्था के प्रिंसिपल मदन लाल यादव ने करते हुए कार्यक्रम की शोभा में चार चांद लगाया।

श्री कृष्ण विद्या मंदिर सी. सै.स्कूल की ओर से आयोजित संस्कार महोत्सव के दौरान मेधावी छात्रों का जुलूस निकाला।

तूफान को लेकर पुलिस की अपील

बहरोड़/ भिवाड़ी, (निसं)। चक्रवर्ती तूफान बिपरजॉय को लेकर मौसम विभाग के अनुसार जिले में 16 और 17 जून को तेज गति से हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना को लेकर जिला पुलिस भिवाड़ी द्वारा ट्विटर पर आमजन के लिए सतर्क रहने की अपील की गई है।

जिसमें जिला पुलिस भिवाड़ी ने सहायता के लिए नियंत्रण कक्ष नंबर 8764874393 एवं इमरजेंसी 100 तथा 112 नंबर पर सहायता करने के लिए पुलिस नियंत्रण कक्ष भिवाड़ी के नंबर की जानकारी देते हुए अपील की गई है कि तेज हवाओं में मेघ गर्जन के दौरान घरों के भीतर रहें। बिजली के तारों के टूटने व के गिरने की संभावना से सावधानी बरतें। बरसात के दौरान बड़े पेड़ों के नीचे और कच्ची दीवार के पास खड़े नहीं हो। पशुओं को खुले बाड़े में रखें व कुछ नहीं बांधे।

दो पहिया व चौपहिया बिजली के खंभों के नीचे आसपास की जगह खड़ा ना करें। जिन मकानों के टीन शेड हैं उनके गेट बंद रखें।

उत्तर पश्चिम रेलवे G20

ई-निविदा सूचना

मुख्य परियोजना प्रबन्धक गति-शक्ति उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 04.07.2023 को 15.00 बजे तक निम्नानुसार खुली ई-निविदा आमंत्रित करते है। **क्र.सं.** : 1 **निविदा संख्या** : 22-2023-GSU-BKN **कार्य का नाम** : बीकानेर डिवीजन के बीकानेर-सूरतगढ़ खंड के दुलमेरा स्टेशन पर एक साथ आगमन और प्रेषण के प्रावधान और महाजन स्टेशन पर टीएम साइडिंग का विस्तार के संबंध में ट्रेक कार्य। **अनुमानित लागत** : 18170618.49 **बिड सिक्यूरिटी राशि (रूपये)** : 240900.00 **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय** : बोली शुरू होने की तारीख 20.06.2023 और निविदा बंद होने की तारीख और समय 04.07.2023 को 15.00 बजे तक। **क्र.सं. : 2 निविदा संख्या** : 23-2023-GSU-BKN **कार्य का नाम** : बीकानेर डिवीजन के बीकानेर-सूरतगढ़ खंड के दुलमेरा स्टेशन पर एक साथ आगमन और प्रेषण के प्रावधान और महाजन स्टेशन पर टीएम साइडिंग का विस्तार के संबंध में स्टेशन भवन का निर्माण और अन्य सिविल कार्य। **अनुमानित लागत** : 9793052.47 **बिड सिक्यूरिटी राशि (रूपये)** : 195900.00 **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय** : बोली शुरू होने की तारीख 20.06.2023 और निविदा बंद होने की तारीख और समय 04.07.2023 को 15.00 बजे तक। नोट : अन्य शर्ते रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 637-DG/23

हमें /NWRailways @NWRailways_ पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे G20

खुली ई-निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक इन्जीनियरिंग उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के द्वारा भारत संघ के राष्ट्रपति एवम् उनकी ओर से ई-निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमों के अनुसार निर्धारित प्रपत्रों मे निविदा निम्न कार्यो के लिए क्रमानुसार आमंत्रित की जाती है। **क्र. सं. 1 निविदा संख्या/कार्य का नाम** : इंजी./जय/2023-24/52 सहायक मण्डल इंजी० (लाईन) जयपुर उपमंडल पर जोन संख्या 7ए जयपुर (छोड़कर) से हिरनोदा (सहित) रेलवे कोलोनी स्टाफ क्वाटर्स एवं सर्विस बिल्डिंगों में सेनेटरी कार्यो, सभी प्रकार के रिपेयर कार्य एवं भूमि पर वृक्षारोपण पौधे लगाना और बगीचों का विकास करना तथा उनका रखरखाव करने एवं सम्पूर्ण सेक्शन में लेवल क्रोसिंग, कोलोनी, स्टेशन इत्यादि पर किसी भी प्रकार का रोड इत्यादि का कार्य सीपीडब्लूडी डीएसआर के अनुसार जोन नं० 7ए वर्ष 2023-2024 के लिए जोन कार्य (अवधि 01.07.23 से 30.06.24) **अनुमानित लागत** : रु. 4999959.00 **बिड प्रतिभूति राशि** : रु. 100000.00 **क्र. सं. 2 निविदा संख्या/कार्य का नाम** : इन्जी/जेपी/2023-24/53 वरिष्ठ मंडल इजीनियर (मुख्यालय) जयपुर खण्ड पर - खातीपुरा स्टेशन पर चार नम्बर लिफ्ट एंव आठ नम्बर एस्केलेटर बनाने का प्रावधान। **अनुमानित लागत** : रु. 29449580.00 **बिड प्रतिभूति राशि** : रु. 297300.00 **1.** उपरोक्त निविदाओ का पूर्ण विवरण वेब साईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। नोटिस बोर्ड-मण्डल रेल प्रबन्धक (निर्माण लेखा) उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के कार्यालय में देखी जा सकती है। **2.** निविदा फार्म **www.ireps.gov.in** पर जमा कराते समय निविदा फार्म के साथ पैरा 1 के अनुसार आवश्यक दस्तावेज की स्केन प्रति अपलोड करना अनिवार्य है। निविदा संख्या इंजी./जय/2023-24/52 से इन्जी/जेपी/2023-24/53 तक की बन्द होने की तिथि 07.07.2023 समय 15.30 बजे एवं खुलने की तिथी 07.07.2023 समय 16.00 बजे।

639-DG/23

हमें /NWRailways @NWRailways_ पर फॉलो करें

कार्यालय ग्राम पंचायत जगदीशपुरा,
पंचायत समिति टोडाभीम, जिला करौली
क्रमांक:-ग्राम पं./निविदा सूचना/2023/277 दिनांक:-14.06.2023
ई-निविदा सूचना संख्या 01/2023-24
ग्राम पंचायत जगदीशपुरा में वित्तीय वर्ष 2023-24 अन्तर्गत महात्मा गांधी नरेगा योजना एवं अन्य सभी पंचायती राज योजनान्तर्गत करवाये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिए निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों से दो विडो (तकनीकी एवं वित्तीय बिड) में ई-प्रोक्यूरमेंट पद्धति से दिनांक 15.06.2023 से 26.06.2023 को 6.00 पीएम बजे तक ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, एवं शर्तों का पूर्ण बेवसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in तथा www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है। साथ ही अन्य सभी शर्तें ग्राम पंचायत के नोटिस बोर्ड/कार्यालय में कार्य दिवसों में देखी जा सकती है।
UBN NO.ZKR2324GLOB00053 EPROCID-2023_PRD_343152_1
सरपंच ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत जगदीशपुरा ग्राम पंचायत जगदीशपुरा

प्रारूप-5 (नियम 6(2) देखिए)
कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.
क्रमांक-नपाश्रीमा./2022-23/978-79 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-05.06.2023
श्री आशीष कुमार तिवाड़ी, पुत्र श्री बनारसी लाल, निवासी-वार्ड नं.03, तिवाड़ियों का मौहल्ला, कस्बा श्रीमाधोपुर, जिला सीकर (राज.) का ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

जिले सहित नगर का नाम	वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम	पडौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं.	उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में)
नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर)	वर्तमान वार्ड नं.03 अवस्थित भूखण्ड	चर्तु सीमाऐ पूरब मे 4'-0" चौड़ी खुली गली व आगे आवास श्री शंकरलाल हलवाई व आवास श्री मुकेश बजाज का, पश्चिम मे 10'-0" की खुली जगह व आगे आम रास्ता, उत्तर मे बाड़ा श्री रामप्रताप तिवाडी का एवं दक्षिण मे बाड़ा श्री बनारसी लाल तिवाडी का होकर स्थित है।	भूखण्ड आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब-पश्चिम 52'-1" एवं उत्तर-दक्षिण पूर्वी भुजा 20'-4" एवं पश्चिमी भुजा 20'-2" होकर कुल रकबा 97.98 वर्गमीटर है।

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष मे आवेदक द्वारा भूमि मे के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध मे कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 05.06.2023 को जारी की गयी।
अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर

प्रारूप-5 (नियम 6(2) देखिए)
कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.
क्रमांक-नपाश्रीमा./2022-23/1045-46 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-08.06.2023
श्रीमती सावित्री देवी, पत्नी श्री हरनाथ सिंह, निवासी-वार्ड नं.13, राजकीय संस्कृत विद्यालय के पास, कस्बा श्रीमाधोपुर जिला-सीकर (राज.) का ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

जिले सहित नगर का नाम	वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम	पडौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं.	उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में)
नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर)	वर्तमान वार्ड नं. 13 अवस्थित भूखण्ड	चर्तु सीमाऐ पूरब में आवास श्री सुखाराम पुत्र श्री कानाराम का, पश्चिम में आम रास्ता, उत्तर मे आवास श्री सुखाराम पुत्र श्री कानाराम का एवं दक्षिण में आवास श्री कैलाश चन्द पुत्र श्री रामभजन जाट का होकर स्थित है।	भूखण्ड आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब-पश्चिम 24'-0" एवं उत्तर-दक्षिण 14'-2" होकर कुल रकबा 37.77 वर्गमीटर है।

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष मे आवेदक द्वारा भूमि मे के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध मे कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 08.06.2023 को जारी की गयी।
अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर

दूदू विधायक की धमकी से लोगों में आक्रोश

सांभरझील, (निसं)। मातृ शक्ति की ओर से सांभर थानाधिकारी राजेंद्र कुमार यादव को दूदू विधायक बाबूलाल नागर के खिलाफ ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

- महिलाओं ने दूदू विधायक के खिलाफ थानाधिकारी को ज्ञापन सौंपा

ज्ञापन में महिलाओं ने बताया कि सांभर और फुलेरा के स्थानीय निवासियों द्वारा सांभर को जिला घोषित कराने और दूदू जिले में सांभर फुलेरा को शामिल नहीं करने की मांग को लेकर अहिंसात्मक रूप से आंदोलन किया जा रहा है और इसके लिए प्रशासनिक अधिकारियों को समय समय पर ज्ञापन सौंपकर विरोध भी किया जा चुका है। लेकिन दूदू के वर्तमान निर्दलीय विधायक बाबूलाल नागर द्वारा फागी कस्बे में की गई प्रेस वार्ता में खुलेआम महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाते हुए सांभर फुलेरा की मां बहनों की बेइज्जती करते हुए प्रशासन द्वारा हमारे आंदोलन को कुचल दिए जाने की खुलेआम धमकी दी है। जबकि हमने आपसे और प्रशासन से बार बार निवेदन किया है की सांभर और फुलेरा को आबादी के लिहाज से जिला घोषित किया जाए तथा सांभर फुलेरा के जनमानस और स्थानीय प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए जबरदस्ती नवघोषित दूदू जिले में शामिल करने से बचाया जाए। हमारी जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए हमारी न्यायोचित मांग पर सुनवाई करते हुए शीघ्रताशीघ्र उचित निर्णय लेने की कृपा करें अन्यथा मजबूरन हमें सांकेतिक रूप से राजमार्ग पर दिनांक 18 तारीख प्रदर्शन करने पर मजबूर होना पड़ेगा। प्रशासन द्वारा अगर हमें जबरदस्ती परेशान किया गया अथवा हमारे आंदोलन को कुचलने की कोशिश की गई तो उसकी समस्त जिम्मेदारी आपकी और नागर की रहेगी।

इस मौके पर कमलादेवी खारडिया, सुनीता शर्मा, दुर्गा देवी सूत्रकार, रामेश्वरी कुमावत, ममता, प्रेम देवी, अन्नू, आचुकी देवी, चंद्रकांता सहित अनेक की मौजूदगी रही।

रथ यात्रा के पोस्टर का विमोचन

श्रीमाधोपुर, (निं)। कस्बे के नगर आराध्य देव श्रीगोपीनाथ मंदिर में 17 जून से शुरू होने वाले भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव को लेकर भक्तों ने नगर आराध्य देव श्री गोपीनाथ भगवान के चरणों में आमंत्रण भेंट किया। मंदिर महंत डॉ मनोहर शरण पारीक ने बताया कि 16 जून को शाम सवा 5 बजे भगवान जगन्नाथ महाप्रभु के पंचामृत अभिषेक होगा। 17 जून से 23 जून तक श्रीवृंदावन धाम के राधा रमण दास महाराज प्रतिदिन दोपहर बाद 2 बजे से 5 बजे तक भक्त शिरोमणि मीरा चरित्र की कथा सुनाएंगे। 20 जून को सुबह 8 बजे भगवान जगन्नाथ महाप्रभु बलभद्र और सुभद्रा को रथ में विराजमान कर मंदिर परिक्रमा कराई जाएगी। 24 जून को भगवान जगन्नाथ को रथ में विराजमान कर शाही लवाजमे के साथ नगर भ्रमण कराया जाएगा। इस मौके पर मुरारी लाल पारीक, गिरधारी चौधरी, पीतांबर शरण पटवारी, राजेश पंसारी, जितेंद्र पटवारी, अनिल कूलवाल, श्याम नारनौली, देव न्यारिया, धर्मेंद्र सोनी, अमरचंद समेत भक्तगण मौजूद थे।

बोरिंग का शुभारंभ किया

चौमूं/कालाडेरा, (निसं)। चौमूं शहर के वीर हनुमान मार्ग वार्ड नं-43 हनुमान वाटिका में बोरिंग को विधायक रामलाल शर्मा ने बटन दबाकर बोरिंग चालू किया। इस दौरान वार्डवासियों द्वारा विधायक का माला और साफा बंधवाकर सम्मान किया तथा विधायक का आभार जताया। इस दौरान भाजपा नगर मंडल महामंत्री महेश सेरावत, ओमप्रकाश फौजी, पवन जांगिड़ आदि मौजूद रहे।

स्कूल में हिंदी माध्यम यथावत रखने की मांग

सांभरझील, (निसं)। यहां की राजकीय दरबार उच्च माध्यमिक विद्यालय (इंग्लिश मीडियम) में हिंदी माध्यम से पढ़ाए जाने वाले संकायों कला, वाणिज्य, कृषि, विज्ञान को यथावत चालू रखने की मांग करते हुए चेयरमैन नवलकिशोर सोनी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शिक्षा मंत्री बुलाकीदास कल्ला से मिलकर इस आशय का प्रतिवेदन सौंपा है। चेयरमैन सोनी ने बताया कि हिंदी माध्यम बंद हो जाता है तो प्रतिवर्ष सैंकड़ो विद्यार्थियों के लिए अध्ययन का संकट खड़ा हो जायेगा। सम्पूर्ण ब्लॉक में छात्र कला, कॉमर्स, चित्रकला केवल दरबार स्कूल में ही है और कृषि संकाय, साइंस मैथ्स भी पूरे ब्लॉक में सांभर व फुलेरा की स्कूलों में है। ऐसी स्थिति में यदि उपरोक्त संकाय बंद होते हैं हॉस्टल भी बंद हो सकता